


सुन्नी मे एड्स से बचाव और इसके लक्षण के पहचान के प्रति जागरूकता रैली निकलते विद्यार्थी • जागरण

## लोगों को एड्स से बचने के प्रति किया जागरूक

**संवाद सूत्र सुन्नी** : अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रेड रिबन क्लब एवं एनएसएस यूनिट ने वीरवार को एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के पहले दिन विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को एड्स फैलने के कारण व इसके बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव लोगों के प्रति गलत अवधारणा न अपनाए बल्कि इस बीमारी से बचाने के समाधान सुझाएं। कार्यक्रम में सुन्नी क्षेत्र के लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की ओर से महाविद्यालय से सुन्नी बाजार होते हुए एक रैली निकाली और नारों के माध्यम से आमजन को एड्स के बचाव के प्रति जागरूक भी किया गया।

इस दौरान एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर उज्जवल राठौर, रेड रिबन क्लब नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सुभाष ठाकुर अन्य क्लब सदस्यों प्रोफेसर चुन्नी, प्रोफेसर मनमोहन, प्रोफेसर मनीष एवं फिजिक्स विभाग के केडी वर्मा भी उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने जानी प्राथमिक चिकित्सा और क्षमता निर्माण की बारीकियां

**सुन्नी**। अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से यूथ रेडक्रॉस और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आवश्यक जीवन रक्षक कौशल से लैस करना और दूसरों के प्रति करुणा और सहानुभूति को बढ़ावा देना है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राम लाल शर्मा ने जीवन कौशल के समग्र विकास और सीखने में ऐसे क्लबों के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये कार्यक्रम न केवल प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं बल्कि करुणा और सहानुभूति जैसे मूल्यों को भी विकसित करते हैं, जिससे युवा भविष्य में आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम होते हैं।

**न्यूज 1 नजर में** ▸▸

## सुन्नी कॉलेज में एड्स पर जागरूक किए छात्र

**सुन्नी**। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रेड रिबन क्लब एवं एनएसएस यूनिट ने एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत छात्रों को जागरूक करवाने के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएगी। अभियान के पहले दिन विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने एड्स के प्रति जागरूक करवाने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को एड्स फैलने के कारण तथा इसके बचाव बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव लोगों के प्रति गलत अवधारणा न अपनाए, बल्कि इस बीमारी से बचाने के समाधान सुझाए। इस दौरान एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डॉक्टर उज्जवल राठौर, रेड रिबन क्लब नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सुभाष ठाकुर अन्य क्लब मेंबर्स प्रोफेसर चुन्नी, प्रोफेसर मनमोहन, प्रोफेसर मनीष एवं फिजिक्स विभाग के केडी वर्मा भी उपस्थित रहे।



**समापन** सुन्नी कॉलेज में स्वयंसेवकों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

# स्वयंसेवकों ने जानी प्राथमिक चिकित्सा की बारीकियां

**फोकस हिमाचल, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में राज्य रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आवश्यक जीवन-रक्षक कौशल से लैस करना और दूसरों के प्रति करुणा और सहानुभूति को बढ़ावा देना है। स्वयंसेवकों को अपने संबोधन में कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामलाल शर्मा ने जीवन कौशल के समग्र विकास और सीखने में ऐसे क्लबों के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये कार्यक्रम न केवल प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, बल्कि करुणा और सहानुभूति जैसे मूल्यों को भी विकसित करते हैं, जिससे युवा भविष्य में आपात स्थित्ति से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम होते हैं। उन्होंने इन क्लबों में सक्रिय रूप से भाग लेने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि ये क्लब स्टूडेंट्स को विभिन्न आपात स्थितियों के लिए तैयार करते हैं और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने की उनकी क्षमता को बढ़ाते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रशिक्षण अधिकारी वीरेंद्र बिष्ट व तीसरी बटालियन के सेवानिवृत्त कमांडेंट ऋतु राज शर्मा ने किया।



रेडक्रॉस व रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवक प्राथमिक चिकित्सा तथा क्षमता निर्माण कार्यक्रम में हिस्सा लेते।

स्वयंसेवकों को आपातकालीन जागरूकता और तैयारियों पर बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। प्रशिक्षकों ने सीपीआर, बुनियादी घाव प्रबंधन, दम घुटने वाली आपात स्थिति से निपटने और श्वसन संकट को संबोधित करने सहित तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने में अपने कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। प्रतिभागियों को सिखाया गया कि आपात स्थिति का कुशलतापूर्वक आकलन कैसे करें, तुरंत प्रतिक्रिया दें और पेशेवर चिकित्सा देखभाल उपलब्ध होने से पहले प्रारंभिक सहायता कैसे प्रदान करें।





# सुन्नी कॉलेज में एड्स जागरूकता भाषण प्रतियोगिता में सूर्य प्रकाश और पोस्टर मेकिंग में चारु प्रथम

**आवाज जनादेश सुन्नी महेन्द्र कुमार**

--------------------

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आरंभ किए गए एड्स जागरूकता अभियान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ

में विज्ञान विभाग की छात्राओं ने सभी अध्यापक वर्ग एवं विद्यार्थियों को रेड रिबन लगा सम्मानित किया। रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सुभाष ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टर मनमोहन ने इस दिवस को मनाने के कारण पर विस्तार से चर्चा की और उपस्थित प्रतिभागियों को एचआईवी एड्स के फैलने के कारण तथा इसको रोकने के उपाय पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए तथा प्रतियोगिता के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लेने की रुचि बढ़ती है। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रेड रिबन क्लब के सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में बी ए द्वितीय



वर्ष के सूर्य प्रकाश ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की निधि द्वितीय तथा बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कृतिका ने तृतीय प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीएससी द्वितीय वर्ष की चारु, द्वितीय पुरस्कार बीएससी द्वितीय वर्ष की अवनी एवं तृतीय पुरस्कार

बीएससी तृतीय वर्ष की सुनिधि ने हासिल किया। वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एनएसएस यूनिट, द्वितीय स्थान बीएससी छात्र वर्ग द्वितीयवर्ष एवं तृतीय स्थान पुरस्कार बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर उज्जवल राठौर, प्रोफेसर मनीष, प्रोफेसर सुष्मिता ने निभाई। रेड रिबन क्लब के सदस्य प्रोफेसर

चुन्नी प्रोफेसर मनीष प्रोफेसर ज्योति, प्रोफेसर धर्मेंद्र, प्रोफेसर धर्मेंद्र मेहता, प्रोफेसर दामोदर गौतम, प्रोफेसर सुचित्रा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका, प्रोफेसर सपना डोगरा, प्रोफेसर रश्मि, पुस्तकालय अध्यक्ष कुसुम शर्मा, मंगला देवी आदि उपस्थित रहे। फोटो कैप्शन सुन्नी कॉलेज में रेड रिबन क्लब एवं एन एस एस यूनिट द्वारा आयोजित एड्स जागरूकता अभियान के तहत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते

प्राचार्य।